# स्टार्टअप शहरों की शीर्ष 50 की सूची में गुरुग्राम शामिल

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **पिचबुक** ने वर्ष 2024 के लिये अपनी **ग्लोबल वेंचर कैपिटल इकोसिस्टम** रैंकिंग का अनावरण किया, जिसमें संपूर्ण विश्व के शीर्ष 50 स्टार्टअप शहरों को प्रदर्शित किया गया और इन इकोसिस्टम के विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान की गई।

## मुख्य बिंदु:

- वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 स्टार्टअप शहरों में तीन भारतीय शहर शामिल हैं, जिनमें मुंबई 32वें स्थान पर, बंगलूरू 34वें स्थान पर और **गुरुग्राम 48वें स्थान पर है**
- वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में हाल के वर्षों में नवाचार और विकास में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।
    - परिणामस्वरूप वैश्विक निवेशक नए देशों में **अवसर तलाश कर रहे हैं,** जहाँ **स्टार्टअप पर्याप्त फंडिंग हासिल करने के साथ ही मल्टी-बिलियन-डॉलर के स्तर तक पहुँच रहे हैं** तथा पूरे विश्व के शहर सक्रिय रूप से प्रसिद्ध स्टार्टअप केंद्र बनने के लिये प्रतिस्पर्द्धा कर रहे हैं।
- पिचबुक वैश्विक पूंजी बाज़ारों में फैले **व्यापक डेटा, अनुसंधान और अंतर्दृष्टि के लिये अग्रणी संसाधन है।**
- यह एक वित्तीय डेटा और सॉफ्टवेयर कंपनी है जिसके कार्यालय **लंदन, न्यूयॉर्क, सैन फ्राँसिस्को व सिएटल** में हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gurugram-in-top-50-list-of-startup-cities